(ii) A copy (in English and Hindi) of the Ministry of Home Affairs Notification S.O. 404 (E) dated the 4* AprH, 2003, notifying "the Constitution of the Review Committee, under section 63 of the Prevention of Terrorism Act, 2002. [Placed in Library. *See* No. L..T. 7578/03]

MOTION FOR ELECTION TO THE CENTRAL SILK BOARD

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बसनगौड़ा आर.पाटील) : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव उपस्थिति करता हूं कि :-

"केन्द्रीय रेशम बोर्ड नियम, 1955 के नियम 5 के उपनियम (1) के साथ पठित केन्द्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम, 1948 (1948 का 41) की धारा 4 की उपधारा (3) के खंड (ग) के अनुसरण में यह सभा ऐसी रीति से, जैसा सभापति निदेश दें, सभा के सदस्यों में से एक सदस्य को केन्द्रीय रेशम बोर्ड का सदस्य होने के लिए निर्वाचित करने की कार्यवाही करे।

The *question was put and the motion was adopted.*

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

The Faulty Public Distribution System

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : आदरणीय सभापति महोदय, मैं दोषपूर्ण सार्वजनिक वितरण प्रणाली की ओर उपभोक्ता मामले, खाघ और सार्वजनिक वितरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

उपभोक्ता मामले, खाघ और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शरद यादव) : आदरणीय सभापति महोदय, मैंने इस पर अपना वक्तव्य सदन में रख दिया है और मैं सोचता हूं कि जब सारे मैम्बर्स बोल लेगे तो इस पर ठीक से जवाब देने का मौका मिलेगा। मैं इतना जरूर चाहता हूं कि यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है और ...

श्री सभापति : आप उसको पढिए। जो वक्तव्य दिया है, उसको पढकर सुनाइए।

श्री शरद यादव: महोदय, यह जो पी.डी.एस. इस देश में कई वर्षो से चला आ रहा है, किसी की भी सरकार रही हो, यह सिस्टम किसी न किसी रूप में चालू रहा जबकि सिस्टम में ...(**व्यवधान**)...

श्री सुरेश पचौरी : ये कहां से पढ़ रहे है ?

श्री शरद यादव : मैंने इसे छोटा बनाया है ।

श्री सभापति : नही, नही ..... जो वित्तरित किया गया है; वह पढ़िए ।

श्री शरद यादव : सभापति महोदय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली उचित मूल्यों पर जनता को खाघान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने और गरीबो के लिए खाघ सुरक्षा बढ़ाने हेतु सरकार की नीति के प्रमुख तंत्र के रूप में उभरी है । यह गरीबी उन्मूलन का महत्वपूर्ण घटक है और इसका उद्देश्य गरीबों के लिए सुरक्षा तंत्र के रूप में कार्य करना है । 1992 तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली की योजना बिना किसी विशिष्ट लक्ष्य के सामान्य तौर पर सभी उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध थी । इसके बाद जून, 1992 में सम्पुष्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली शुरू की गई थी जिसमे आदिवासी, पहाडी, सूखा प्रवण और दूर – दराज के क्षेत्रो में 1775 ब्लॉको को कवर किया गया था ।

तत्कालीन लागू सार्वजनिक वितरण प्रणाली की गरीबी रेखा से नीचे की आबादी की सेवा करने में विफल रहने, शहरों की ओर इसका झुकाव होने, जिन राज्यों में ग्रामीण आबादी अधिक थी, उनमें नाममात्र की कवरेज होने और सुपुर्दगी की व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही का आभाव होने के लिए आलोचना की गई थी ।

गरीबो और कमज़ोर परिवारों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुप्रवाही और लक्षित करने के लिए जून, 1997 में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली शुरू को गई थी । लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन राज्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे गरीबों की पहचान करने, उचित दर दुकानों को खाघान्नों की सुपुर्दगी करने और उचित दर दुकान स्तर पर पारदर्शी तथा जवाबदेह तरीके से इनके वितरण की पुख्ता व्यवस्था तैयार करे और उसे क्रियान्वित करें । लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन गरीबी रेखा से नीचे का प्रत्येक परिवार विशेष राजसहायता प्राप्त मूल्यों पर 10 किलोग्राम खाघान्न प्रति माह के लिए पात्र था । गरीबी रेखा से नीचे लगभग 6.25 करोड़ परिवारों के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को खाघान्नों का आबंटन योजना आयोग के राज्यवार गरीबी अनुमानों (1993-94) के आधार पर किया जाता है ।

(उपसभापति महोदया पीठासीन हुई ।)

4.75 लाख उचित दर दुकानों के नेटवर्क के साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली शायद विश्व में अपने प्रकार का सबसे बड़ा वितरण नेटवर्क है । सार्वजनिक वितरण प्रणाली अनुपूरक स्वरूप की है और इसमें किसी व्यक्ति विशेष अथवा परिवार की खाघान्नों की पूर्ण आवश्यकता को पूरा करने की बात नही कही गई है । यह प्रणाली केन्द्र और राज्य सरकारों की संयुक्त जिम्मेदारी के अधीन चलाई जाती है जिसमें केन्द्र सरकार खाघान्नों की वसूली करने और भारतीय खाघ निगम के प्रमुख वितरण केन्द्रों तक इनकी ढुलाई करने के लिए जिम्मेदार है राज्य सरकार गरीबी रेखा से नीचे और गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों की पहचान करने, राशनकार्ड जारी

करने तथा सार्वजनिक प्रणाली के उपभोक्ताओं, विशेषरूप से समाज के गरीब और कमजोर वर्गो को देश में उचित दर दुकानों के लिए विशाल नेटवर्क के माध्यम से खाघान्नों का वितरण करने के लिए जिम्मेदार है ।

जून, 1997 में लागू की गई लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और सुप्रवाही बनाया गया है ताकि इसे गरीबों पर और केन्द्रित किया जा सके । जारी की जाने वाली मात्रा जो 10 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह थी उसे धीरे – धीरे बढ़ाकर 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह कर दिया गया है । गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए जारी की जाने वाली मात्रा को भी 1.4.2002 से तुलनात्मक रूप से ऊंची दर पर 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह निर्धारित किया गया है । गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए गेहूं और चावल के केन्द्रीय निर्गम मूल्य क्रमशः 4.15 रूपए प्रति किलोग्राम और 5.65 रूपए प्रति किलोग्राम है जो आर्थिक लागत का 48 प्रतिशत है । ये मूल्य 25.7.2000 से स्थिर है इनमें पिछले ढ़ाई साल से कोई वृध्दि नही की गई है ।

भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने एक करोड़ निर्धनतम परिवारों के लिए 25 दिसम्बर, 2000 को अंत्योदय अन्न योजना शुरू की है । इस योजना में भारत सरकार की यह वचनबध्दता परिलक्षित होती है कि सभी के लिए खाघ सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, अगले पांच वर्षो में भारत को भुखमरी से मुक्त किया जाए और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार किया जाए ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धनतमों की सेवा की जा सके ।

अंत्योदय अन्न योजना में एक करोड़ परिवारों (गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से) की पहचान करने की परिकल्पना की गई है जिन्हें 2 रूपएअ प्रति किलोग्राम गेहूं और 3 रूपएअ प्रति किलोग्राम चावल की दर पर 25 किलोग्राम खाधन्न प्रति परिवार प्रति माह प्रदान किए जाएंगे । अंत्योदय अन्न योजना परिवारों के लिए जारी की जाने वाली मात्रा 1.4.2002 से 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह है । अंत्योदय अन्न योजना देश भर में सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर दी गई है ।

माननीय प्रधान मंत्री ने पिछले स्वतंत्रता दिवस, 2002 को पारिवारिक अथवा सामाजिक समर्थन विहीन वुध्द व्यक्तियों, विधवाओं और अपंग व्यक्तियों जैसे समाज के अत्यंत कमजोर वर्गो के बीच व्याप्त भुखमरी को समाप्त करने की एक पहल की घोषणा की थी । इस घोषणा के अनुरूप अंत्योदय अन्न योजना का विस्तार करने का प्रस्ताव है जिसमें गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से और 50 लाख परिवारों को कवर किया जाएगा जिससे वर्ष 2003-2004 के दौरान गरीबी रेखा से नीचे के सभी परिवारों के लगभग एक चौथाई को योजना के तहत कवर कर लिया जाएगा । अंत्योदय अन्न योजना के विस्तार करते हुए इस के अधीन लाए जाने वाले अतिरिक्त परिवारों को पहचान करते समय अकिंचन व्यक्तियों को प्राथमिकता समुह के रूप में कवर करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । इन अकिचन व्यक्तियों में विधवाएं/असाध्य रूग्ण व्यक्ति/अपंग व्यक्ति/60 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के व्यक्ति/आदिम आदिवासी समूह शामिल है ।

.

जून, 1997 में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली शुरू किए जाने के बाद,सार्वजनिक वितरण प्रणाली गरीबी परस्त बन गई है। क्योंकि गरीब परिवारों को अंतरित होने वाली खाघ राजसहायता बढ़ गई है। शहरों की ओर इसके झुकाव को पूर्णतया समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा, गरीबी रेखा से नीचे के परिवारो द्वारा उठान में अत्याधिक वृध्दि हुई है और 2002-2003 के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कुल उठान में भी पर्याप्त वृध्दि हुई है।

तथापि, इतनी विशाल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन में कुछ कमियां देखी गई है। उचित दर दुकानों का अनियमित रूप से खुलना, उचित दर दुकानों पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं की अपर्याप्त उपलब्धता/अनियमित आपूर्ति, राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित से अधिक संख्या में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की पहचान किया जाना, जाली राशन कार्डो की मौजूदगी और खाघान्नों तथा अन्य वस्तुओं का तदनरूपी विपथन होना, उचित दर दुकानों की आर्थिक आत्मनिर्भरता की खराब स्थिति आदि कुछ प्रचालानात्मक समस्याएं है जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन में पेश आई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कुशलता, जवाबदेही और प्रभावकारिता में सुधार करने के लिए इसमें सुधार करना एक सतत प्रक्रिया है और इन मुद्दो को हल करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अनेक उपाय किए गए है :-

उचित दर दुकानों की आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता केन्द्र सरकार द्वारा लगाए गए इन प्रतिबंधो से प्रभावित हुई थी कि खाघान्नों के खुदरा निर्गम मूल्य केन्द्रीय निर्गम मूल्य से प्रति किलोग्राम 50 पैसे से ऊपर नही होने चाहिए। यह प्रतिबंध समाप्त कर दिया गया है जिससे उचित दर दुकानों की व्यवहार्यता में सुधार करने के लिए उचित दर दुकानों के मालिको के लिए पर्याप्त मार्जिन निर्धारित करने हेतु राज्य सरकारो का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकारों को यह परामर्श भी दिया गया है कि वे उचित दर की दुकानों के जरिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं के अलावा अन्य वस्तुएं भी बेचे और इस प्रकार इन दुकानों द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं की संख्या बढ़ाएं।

नवम्बर, 1997 में भारत सरकार द्वारा एक मॉडल सिटिजन चार्टर राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने हेतु जारी किया था कि ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन आवश्यक वस्तुएं पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से उपभोक्ताओं तक कुशलतापूर्वक पहुंच सके। जून, 1999 में राज्य सरकारों को सामाजिक लेखा परीक्षा के उपाय के रूप में और अधिक पारदर्शी/जवाबदेह वितरण प्रणाली लागू करने के लिए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण में पंचायती राज संस्थाओं को अधिकाधिक रूप से शामिल करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए है। इन दिशा निर्देशों के अधीन लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण का पर्यवेक्षण करने के लिए विभिन्न स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं और लाभभोगियों को शामिल करके सतर्कता समितियां गठित की जानी है।

केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारो के हाथ मजबूत करने और पहले जारी किए अनुदेशों/दिशा निर्देशों को कानूनी बल प्रदान करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अधीन सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2001 भी अधिसूचित किया है। अनियमितताओं को रोकने और लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा अंत्योदय अन्न योजना का

निरीक्षण/मानीटरिंग करने के लिए भारत सरकार द्वारा कार्य बलों का गठन किया गया है । कार्य बलों द्वारा बताई गई कमियां उपचारात्मक कार्रवाई करने हेतु राज्य सरकारों को सूचित की जाती है ।

उपर्युक्त उपायों के क्रियान्वयन से दुकानों के न खुलने, आपूर्ति की उपलब्धता, जाली राशन कार्डो और खाघान्नों आदि का विपथन होने से संबंधित कमियों की समाप्ति सुनिश्चित की जा सकती है । अतः सार्वजनिक वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन से संबंधित सभी संगठनों/व्यक्तियों आदि की यह जिम्मेदारी है कि वे उपभोक्ताओं, विशेष रूप से गरीब और कमजोर उपभोक्ताओं की बेहतर सेवा करने के हित में प्रणाली में और सुधार करने के लिए कार्य करें ।

श्री सुरेश पचौरी : उपसभापति महोदया, हमारे देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली कितनी भयावह हो गई और कितनी दोषपूर्ण है, इसका जिक्र मैं इस देश के महामहिम उपराष्ट्रपति के कथन से प्रारंभ करना चाहूंगा । महामहिम उपराष्ट्रपति 14 जनवरी, 2003 को नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के एक कार्यक्रम में गए थे । इसमें उन्होंने जो कहा है मैं उसे उद्धृत कर रहा हूं :

"The Vice-President, Shri Bhairon Singh Shekhawat, today drew i the attention of the National Human Rights Commission to the total collapse of the Public Distribution System. Expressing concern over starvation deaths, he further said, 'The PDS has totally collapsed. This is seriously affecting the Fundamental Rights of the poor.' Mr. Shekhawat said, any Government, which failed to protect the human rights, was not fit to govern the country."

यह ऑब्जर्वेशन इस देश के जाने – माने नक्षत्र महामहिम उपराष्ट्रपति जी का है । उपसभापति महोदया, दूसरी तरफ कम्पट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल की जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई है उसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली में व्याप्त खामियों और भ्रष्टाचार को आड़े हाथों लेते हुए यह कहा गया है कि इससे समाज के कमजोर वर्गो को अपेक्षित लाभ नही हुआ है । साथ ही इस रिपोर्ट का यह भी कहना है कि समूचे देश में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगो में से अठारह फीसदी लोगो के पास राशन कार्ड तक नही है और पी.डी.एस. में व्यापत खामियों और भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए । इसके आगे सुप्रीम कोर्ट की थ्री मैम्बर्स की बेंच का जो ऑब्जर्वेशन है, उसमें यह कहा गया है कि सरकार की पहली जिम्मेदारी है भूखो को अनाज देना । इसमें कहा गया है कि देश में भूख और कुपोषण से हो रही मौतो को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एफ.सी.आई. के गोदामों में जरूरत से ज्यादा अनाज पड़ा है , सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह अनाज भूखे और मजलूम लोगो तक पहुंचे । ये जो तीन आब्जर्वेशन्स है, ये हमारे देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की ओर इंगित करती है । कभी भी, कोई भी सरकार रही हो, किसी भी पाटी की रही हो, किसी भी राज्य में रही हो, चाहे दिल्ली में केन्द्र सरकार रही हो, प्रश्न यह है कि आज कुछ राज्यों में एक पार्टी की सरकार है तो कुछ राज्यों में अन्य पार्टियों की सरकार है । दिल्ली में कभी कि सी एक पार्टी की सरकार

रही तो कभी किसी और की भी रही है लेकिन जब सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बात आती है, जिस उद्देश्य से इस सिस्टम को बनाया गया है तो मैं निश्चित रूप से यह मानकर चलता हूं कि इसमें सबकी सामूहिक जवाबदेही और जिम्मेदारी है । इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए इसीलिए मैंने इस कॉलिंग अटेंशन के जरिए सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहा है । माननीय मंत्री महोदय ने अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में यह उल्लेख किया है कि यह प्रणाली केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त जिम्मेदारी के अधीन आती है । बात सही है, लेकिन किसकी कितनी जिम्मेदारी है, इसको रेखांकित किया जाना बहुत आवश्यक है । केन्द्र सरकार की क्या जिम्मेदारी है और राज्य सरकार की क्या जिम्मेदारी है, क्या केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी का सही निर्वहन कर पा रही है और यदि नही कर पा रही है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है और यदि जिम्मेदार है तो उसके खिलाफ क्या कदम उठाया जाना चाहिए, जो कि अभी तक नही उठाया गया है , राज्य सरकारों के अधीन जो जिम्मेदारी आती है, उसका पालन किस वजह से नहो हो पा रहा है , उसको भी रेखांकित कर उचित निर्देश दिए जाने की आवश्यकता है । आज समय यह नही है कि हम जिम्मेदारी से विमुख होते हुए एक – दूसरे पर दोषारोपण करें । केन्द्र सरकार कहे कि यह राज्य सरकार का काम है और राज्य सरकार कहे कि हमें खाघान्न ही ऐसा मिला जो कि सही नही था । खाघान्न फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के जरिए मिलता है और वह सैन्ट्रल गवर्नमेंट के अधीन है । 'अगर राज्य सरकारों को सड़ा – गला अनाज मिलता है तो उसके लिए कौन दोषी है ? नॉर्थ – ईस्ट रिजन में जो खाघान्न उपयोग में लाया जाता है, जैसे कि चावल वहां के लोग खाते है और जब गेहूं वहां भेजा जाता है तो वहां के लोग उस गेहुं को नही उठाते है । नॉर्थ – ईस्ट रिजन के पूर्व संबंधित मंत्री श्री अरूण शौरी जी ने इस सदन में यह स्वीकार किया था कि नॉर्थ – ईस्ट रिजन में गेहूं भेजा जा रहा है जो कि उन्होंने लिफ्ट नही किया । जब वह गेंहूं वहां लिफ्ट नही किया गया तो दिल्ली की दुकानों पर, बिचौलियों के हाथों और व्यापारियों के हाथों वह गेहूं बेचा गया और यह कह दिया गया कि नार्थ – ईस्टर्न रिजन ने वह नही उठाया । महोदया, इसके लिए कहीं न कहीं , कोई न कोई किसी न किसी रूप में जिम्मेदार है और वह जिम्मेदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए, यह मेरा आपके जरिए आग्रह है । आज अनाज के विपुल भंडार होते हुए भी लोग परेशान है । यदि वे परेशान है और अगर वे किसी वजह से कुपोषण के शिकार होते है या खाधान्न की कमी की वजह से यदि वे लोग मरते है, तो निश्चित रूप से उसकी जवाबदेही उस लस्त – पस्त सरकार की होती है, जो कहीं न कहीं, किसी न किसी रूप में अपने उत्तरदायित्व का सही निर्वहन नही कर पाती है । इसलिए महोदया, आपके जरिए मेरा आग्रह है कि आज आवश्यकता इस बात की है कि जब हम देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में चर्चा कर रहे है तो सरकार को अपनी खरीद नीति, सरकार को अपनी भंडारण व्यवस्था, सरकार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किस प्रकार का ताल मेल बैठाया जाना चाहिए, इस बात को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है ।

महोदया, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने 5 दिसंबर, 2002 को यह कहा कि विभिन्न राजनीतीक दलों की एक बैठक बुलाई जानी चाहिए । उन्होंने सदन में भी माना जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाघ मंत्री है, उन्होंने इस प्रकार का आश्वासन दिया की इस स्थिति में कैसे सुधार किया जा सकता है, इस बारे में हम इन सब बातों पर विचार करेंगे । लेकिन उसके बाद, माननीय शरद यादव जी के स्टेटमेंट को मैं उद्धृत करना चाहूंगा ।

Shri Sharad Yadav admitted it and it was published in *the Times of India* on 6m December, 2002. Shri Sharad Yadav admitted and I quote, "The Task Force set up to identify the poor has found that foodgrains are not reaching the needy..." He further said that he had already written a letter to the Prime Minister and asked for a meeting of the Chief Ministers to discuss the issue.

महोदया, मैं आपके जरिए आदरणीय शरद यादव जी से जानना चाहूंगा कि जब आपने प्रधान मंत्री जी को इस संबंध में देश के सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों की एक मीटिंग बुलाने के लिए पत्र लिखा तो वह मीटिंग क्या आयोजित हुई ? यदि नही हुई, तो इसके लिए कौन दोषी है? आपके लिखने के बावजूद भी यदि वह मीटिंग आयोजित नही की गई तो मैं यह मान कर चलूंगा कि केन्द्र सरकार या उसके शीर्षस्थ नेता प्रधान मंत्री जी, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, जिसको उन्होंने खुद स्वीकारा है कि इसमें कुछ विसंगतियां है, इसमें कुछ खामियां है और इसमें सुधार करने की आवश्यकता है, तो वह सुधार करने के लिए बहुत ज्यादा चिंतित नही है। मैं आपके जरिए जानना चाहूंगा कि यदि राज्यों के मुख्य मंत्रियों की बैठक, इस सदन में एशोरेंस देने के बाद, इस सदन में आपके कथन के बावजूद भी नही बुलाई गई तो वह कब तक बुलाई जाएगी, इस संबंध में मैं स्पष्ट रूप से आपका आश्वासन चाहूंगा ।

महोदया, एक और बात है और वह यह है कि सरकार पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के मामले में कितनी गंभीर है । मिड डे. मील स्कीम चालू की गई, इसके बारे में 21 फरवरी, 2003 को एक अतारांकित प्रश्न के उत्तर में खुद सरकार ने यह स्वीकार किया कि मिड डे मील स्कीम का काफी जो पैसा है वह ह्यूमैन रिसोर्स डिवेलपमेंट मिनिस्टरी की ओर बकाया है । इसलिए मिड डे मील स्कीम के तहत जो राशन दिया जाना चाहिए वह नही दिया जा सका और फिर ह्यूमन रिसोर्स मिनिस्ट्री के द्वारा इस के लिए फाइनेंस मिनिस्ट्री को लिखा गया और वह पैसा अभी तक नही मिला है । इस तरह मामला तीन मंत्रालय के अधीन लटका हुआ है जो कि तीनो केन्द्र सरकार के है । तो कही – न – कहीं , कुछ – न – कुछ खामी इस एन0डी0ए0 सरकार की है । महोदया, उन्होंने यह स्वीकारा है, सरकार कहती है कि "They have also informed that they have requested the Ministry of Finance to provide sufficient funds for the purpose, that is. the Mid-day Meal Scheme, to settle the outstanding payment." जब आउट – स्टेडिंग पेमेंट नही हो रहा है ....

श्री शरद यादव : महोदया, सुरेश पचौरी जी ने बात उठायी है, वह सही थी, लेकिन इस मामले का समाधान ह्यूमन रिसोर्स मिनिस्ट्री, फायनेंस मिनिस्ट्री और हमारे बीच में हो गया है । मिड डे मील स्कीम बंद नही हुई है । वह सुचारू रूप से चल रही है । इसमें निश्चित रूप से बीच में दिक्कत आई थी । हमारे पास फायनेंस की बहुत कमी थी तो हम ने कहा कि हम दे नही पाएंगे । फायनेस मिनिस्ट्री ने हम को कहा था । लेकिन वह मामला सार्ट आउट हो गया है । महोदया, मिड.डे मील स्कीम बंद नही हुई है, लगातार चल रही है ।

उपसभापति : मंत्री जी, बहुत सारा गेहूं सड़ जाता है, चूहे खा लेते है तो अगर उसे भारत के गरीब बच्चे खा लेंगे तो क्या हर्ज है ?

श्री शरद यादव : महोदया, मैंने कहा कि इस स्कीम को कहीं बंद नही किया गया है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : You don't wait for money because if the poor children in the schools get these mid-day meals, it is a very ordinary thing. If the rats eat it, we don't mind; if it gets spoiled, we don't mind.

श्री शरद यादव : मैडम, आप बोल देंगी तो बात सभी जगह चली जाएगी ।

उपसभापति : मैंने इसीलिए कहा है ।

श्री शरद यादव : मेरी विनती है कि इस मामले में जो डेडलॉक था, वह डेडलॉक ऐसा नही था कि उसकी वजह से कोई अनाज बंद किया गया । उसको सार्ट आउट किया गया है और वह स्कीम ज्यों – की – त्यों निरंतर चल रही है । इसलिए इसमें कहीं कोई दिक्कत नही आई है और न कोई ब्रेक आया है । मैं इतना ही निवेदन करना चाहता हूं ।

उपसभापति : मैं आपकी बात से सहमत हूं कि ब्रेक नही आया । मैंने आप की बात मान ली । मैं सिर्फ इतना कह रही हूं कि चूहे खाने से तो बेहतर है कि उसे इंसान खा लें, बच्चे खा लें।

श्री शरद यादव : महोदया, मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर भी डिबेट होनी चाहिए कि यह जो चर्चा चलती है कि कितना खाया । मैं उसके आंकड़े दे दूंगा । मैं उसका जवाब दे दूंगा । महोदया, हालात सुधरे है और बहुत तरीके से सुधरे है ।

श्री सुरेश पचौरी : महोदया, मैंने यह नही कहा कि मिड – डे मील स्कीम बंद हो गयी है । मैं तो यह कह रहा हूं कि जो आउटस्टेंडिंग अमाउंट है, इस स्कीम के तहत जो मिलना चाहिए वह एच0आर0डी0 के जरिए नही मिल पा रहा है और एच0आर0डी0 ने जो फाइनेस मिनिस्ट्री को लिखा है, उसे सरकार ने स्वीकारा है ।सरकार ने यह 21 फरवरी,2003 के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में स्वीकारा है। मैं तो उसको पढ़ रहा हूं, अगर सरकार ने वह गलत बोला है तो मुझे कुछ नही कहना है और अब जो सरकार उसको कांट्रेडिक्ट कर रही है, तो भी मुझे कुछ नही कहना है । मैं तो दोनो पक्ष रख रहा हूं । हमारे आदरणीय मंत्री जी बहुत विद्वान है और इस मामले में बहुत सचेत है । मैं तो उन के प्रधान मंत्री जी जो समय – समय पर कहते आए है और जो उनके अन्य विभागों के मंत्री कहते आए है, उसी का उल्लेख कर रहा हूं । महोदया, मैं तो नार्थ ईस्ट रीजन के इंचार्ज मिनिस्टर श्री अरूण शौरी ने कहा है, जो 22.8.2001 को प्रकाशित हुआ था, उसको दे रहा हूं । महोदया, केन्द्रीय मंत्री अरूण शौरी यह भी बताते है

कि जहां जिस खाघान्न का चलन नही है, वहां के लिए वहीं आवंटित कर दिया जाता है । यही वजह है कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों को चावल की बजाय गेहूं दिया गया था और पिछले कई साल से वह दिल्ली के बाजार में बिकता है । यह तो माननीय मंत्री जी की स्वीकारोक्ति है । महोदया, उस दोषपूर्ण व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदार है ? यह मैं आपके जरिए सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि जो घटिया राशन की आपूर्ति हो रही है, जो कि फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से राज्यों को दिया जाता है और यह फूड कॉर्पोरेशन आँफ इंडिया भी गवर्नमेंट आँफ इंडिया के अधीन है । पिछले समय इन सारी बातो को खुद शांता कुमार जी ने स्वीकारा है कि घटिया राशन भेजा गया । वह घटिया राशन निकला तो उस के लिए कौन जिम्मेदार है, यह मैं आपके जरिए ध्यान आकर्षित करके जानना चाहूंगा ?

महोदया, मैं फिर अपनी बात पर आता हूं । प्रश्न यह नही है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए कौन दोषी है ? महोदया, न हम पुराने समय में जाएं, न यहां दिल्ली की सरकार पर जाएं और न राज्यों पर जाएं, मैं तो यह जानना चाहता हूं कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए जिन गरीबो को उस के आम उपयोग मे आने वाली चीजे उपलब्ध करायी जानी चाहिए फिर चाहे वह गेहूं हो, चावल हो, चाहे कैरोसिन हो या शुगर हो – वह पर्याप्त मात्रा मे सही दाम पर उपलब्ध हो सके, यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है । इसके लिए जो जिम्मेदार है, जिन को भी आप दायित्व सौंपे यह आपका काम है, लेकिन हमारा काम यह है कि जिन गरीबो के लिए यह स्कीम प्रारंभ की गयी, चाहे वह टार्गेटेड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की स्कीम शुरू की गयी, चाहे उससे पहले जो स्कीम चालू हुई, उन स्कीम का सही क्रियान्वयन होना चाहिए । केवल घोषणा न हो, क्रियान्वयन हो और क्रियान्वयन के जरिए यह देखा जाए कि जो इसके पात्र लोग है, उन लोगो को वे सारी चीजे मिली कि नही मिली ।

महोदया, कोई भी सरकार होती है, चाहे वह किसी भी राज्य में होती है या दिल्ली में होती है तो यह फैसला तो करती है, लेकिन उसके क्रियान्वयन के बारे में यह बताया जाता है कि कुछ व्यावहारिक कठिनाइयां है । वे व्यावहारिक कठिनाइयां क्या है ? उन व्यावहारिक कठिनाइयों का पता लगाने के बाद उन कठिनाइयों को दूर करके जो फैसले लिए जाते है उनको अमली जामा पहनाने की जरूरत है । इस देश में 45 लाख से ऊपर राशन की दुकाने है और इन 45 लाख से ऊपर दुकानों से लगभग 20 करोड़ लोगो को खाघान्न दिया जाता है । स्वयं मंत्री जी ने यह स्वीकार किया है कि विश्व का सबसे बड़ा नेटवर्क है पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का । अब जब यह सबसे बड़ा नेटवर्क है तो फिर इसमें खामियां क्यों नज़र आ रही है ? इसमें विरोधभासी वक्तव्य क्यों आ रहे है ? चाहे आपके वित्त मंत्री हो, चाहे खाघ मंत्री हो, चाहे आपके ह्यूमन रिसोर्स डवलपमेंट के मिनिस्टर हो, उनके अलग-अलग वक्तव्य नही आने चाहिए । इस देश में 30 प्रतिशत लोग ऐसे है, जो गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे है और 50 प्रतिशत इनमें से ऐसे है जो बडी मुशिकल से दिन – प्रतिदिन की इस महंगाई की मार मे जो उनकी जीवन-शैली है उसका बोझ झेल रहे है । राशन की स्थिति यह है कि राशन की दुकान में एक वस्तु मिलती है, दूसरी वस्तु नहीं मिलती। कभी शक्कर लेने जाते है तो गेहूं नही रहता, गेहूं लेने जाते है तो चावल नही रहता । सारी चीजे एक साथ उपलब्ध हो सके, इसकी व्यवस्था जरूरी है । यह तो बहुत आसानी से कहा जा सकता है कि यह राज्य सरकार का काम है । मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली सिस्टम केन्द्र सरकार और राज्य सरकार, दोनों की

जिम्मेदारी है । इसलिए केन्द्र सरकार यह निर्देशित करे कि वे सारी चीजे जो गरीब व्यक्ति को उपलब्ध कराई जानी है, एक समय में उनको उपलब्ध कराई जानी चाहिए । यह नही होना चाहिए कि जब वह गरीब व्यक्ति अपनी मजदूरी छोड़ने के बाद राशन की दुकान पर कुछ चीजें लेने जाए तो उसे एक चीज उपलब्ध हो और दूसरी चीज उपलब्ध न हो । सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आज मजबूत करने की जरूरत है ।

उपसभापति : सुरेश जी, और भी माननीय सदस्य बोलने को है ।

श्री सुरेश पचौरी : महोदया, इतना बड़ा वक्तव्य आया है और यह इतना महत्वपूर्ण मामला है मैं आपका संरक्षण चाहूंगा । इस सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दूषित व्यवस्था से पूरे देश के गरीब लोग उद्वेलित है, यह मामला उनसे जुड़ा हुआ है और मैं समझता हूं कि मेरी अपनी याददाश्त में इतना बड़ा वक्तव्य माननीय मंत्री जी ने काल – अटेंशन में दिया, यह पहली बार है । इसलिए महोदया, मैं आपका संरक्षण चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी के इतने बड़े वक्तव्य पर मुझे कुछ कहने का, अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया जाए ।

उपसभापति : इतनी बडी पीडीएस की स्कीम है दुनिया में । आपने खुद ही कहा है कि इतनी बडी स्कीम है पीडीएस की, लेकिन थोड़ा ध्यान रखिए क्योंकि और भी दूसरे माननीय सदस्यों को बोलना है । Then, we have to adjourn the House for lunch.

श्री सुरेश पचौरी : ठीक है, महोदया । मैं बहुत कम समय में अपनी बात कहूंगा । देश का सबसे बड़ा भूभाग आज अकाल और सूखे की चपेट में है । जिन राज्यों ने अकाल और सूखे से निजात पाने के लिए जिन चीजो की मांग की थी, वे उन्हें उपलब्ध नही हो पा रही है । मैं आपके जरिए माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि ऐसे कौन कौन से राज्य है, जिन्होंने सूखे और अकाल की वजह से जिस जिस खाघान्न की मांग की थी, उन उन राज्यों को उतरना खाघान्न उपलब्ध कराया गया या नही कराया गया ? आज स्थिति यह है कि जिस राज्य का जितना दबाव पड़ता है उस राज्य को उतरना खाघान्न उपलब्ध करा दिया जाता है । मैं किसी राज्य को उपलब्ध कराए जाने वाले खाघान्न की मुखालफत नही कर रहा, मैं यह कह रहा हूं कि जिस राज्य की जितनी आवश्यकता हो उसे उसकी आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध कराया जाए । जिन राज्यों को दबाव के बावजूद अगर खाघान्न उपलब्ध करा दिया है तो आपने टास्क फोर्स तो बनाई होगी ? उस टास्क फोर्स के जरिए आपने क्या फीडबैक रखा? मैं यह जानना चाहूंगा । इसके साथ ही जो फूड लिफ्ट करने में करप्शन है या खाघान्न के डिस्ट्रीब्यूशन में जो करप्शन है उस करप्शन को दूर करने के लिए आपकी तरफ से क्या व्यवस्था की जा रही है ? यह भी सुनिश्चित किए जाने की जरुरत है ।

महोदया, दो – तीन बातें और कहना चाहूंगा । एक तो आम आदमी के उपयोग में आने वाली जो चीजें है, उनका कृत्रिम अभाव कई बार राशन की दुकानों में दर्शाया जाता है और उनकी कीमतों में भी बेतहाशा वृध्दि बताई जाती है । दूसरा, जैसा मैंने कहा कि उचित समय पर उचित मूल्य की दुकानों से सही अवस्था में बगैर मिलावट के चीजें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए लोगो को मिल पाएं, यह देखे जाने की जरूरत है ।.

महोदया, मैं मध्य प्रदेश से आता हूं और चूंकि माननीय मंत्री जी ने भी मध्य प्रदेश में ही जन्म लिया है, तो मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या मध्य प्रदेश सरकार ने 5-6 गांव में एक राशन की दुकान खोलने की आपसे मांग की थी और क्या उसके लिए उन्होंने कुछ ग्रांट की मांग सरकार से की थी ? इस संबंध में सरकार ने अभी तक कोई कदम नही उठाया है । इस सार्वजनिक वितरण प्रणाली को चुस्त – दुरूस्त करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्र सरकार को ग्रेन बैंक बनाने का प्रपोजल दिया था । इस संबंध में भी सरकार ने अभी तक कोई कार्यवाही नही की है । मध्य प्रदेश की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए उसे गेहूं, चावल, केरोसिन वगैरह पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की बात कही गई थी, उसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।

महोदया, सार्वजनिक वितरण प्रणाली कि जो भयावह तस्वीर है, उसको दृष्टिगत रखते हुए मैं सोचता हूं कि जो कम्पट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल का ऑब्ज़रवेशन है, जो सुप्रीम कोर्ट का ऑब्ज़रवेशन है, जो इस देश के महामहिम उपराष्ट्रपति जी का ऑब्ज़रवेशन है, जो इस देश के प्रधानमंत्री जी का ऑब्ज़रवेशन है, उस दिशा में कार्यवाही होनी चाहिए । स्वयं मंत्री महोदय ने पहल की है कि देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री की एक मीटिंग बुलाकर एक ऐसी सुविचारित योजना बनाई जाए जिस पर अमल हो सके और जिसका लाभ उन गरीबो को मिल सके जिनके हितो को दृष्टिगत रखते हुए यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली बनाई गई है । मैं समझता हूं कि यदि समय सीमा के अंदर यह कदम उठा लिया जाएगा तो वह उस बेहतरी की ओर बढ़ता हुआ कदम होगा जिसको दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली बनाई गई है । महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri R.S. Gavai; absent. Shri A. Vijayaraghavan.

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN (Kerala): Thank you, Madam Deputy Chairman, for giving me an opportunity.

Madam, my friend, Mr. Suresh Pachouri, has already mentioned about the observations made by dignitaries, right from the apex court to the Vice-President of this country, with regard to the failure of the Public Distribution System in our country. Even though the Government is claiming about the achievements made by it during the last four years with regard to the increased foreign exchange reserves, National Highways, rail, etc., but it never claimed that they have succeeded to provide foodgrains to the needy people. Madam, in this very House, when we had discussed about the drought, the Agriculture Minister said, -- and, I quote - "The PDS is no more effective. It does not reach the tribal population and the weaker sections of society." This is what the Agriculture Minister has said here. Later, on 5[th] December, in this House, the Prime Minister himself[1] said, "The Government has failed to tackle the situation." It was reported in *The Times of India.* I

quote, : "The Government has admitted that the country's Public Distribution System has failed to identify the pdbr and provide grains to the needy."

Madam, even after admitting this reality and approaching this House after five months, nothing much tangible has been done. The Government has to come forward with some concrete proposal to avoid this situation and create a confidence among the poor people that this Government will provide some additional support to the poorest section in our society, who are reeling under drought, poverty; and even starvation deaths are taking place. Unfortunately, this statement does not reveal anything for the poor.

Then, Madam, I would say that this is a man-made calamity. This is a calamity which has been created by the Government as such. Madam, as you said, this is the biggest Public Distribution System in the world. So, naturally, the Government should take serious steps to provide foodgrains to the poor and to sustain the System. Unfortunately, the Government took a reverse stand. What have we done? We started distribution of foodgrains to the targeted groups. That means, we divided the poor into groups, and we stopped the subsidy.ior the poorest section of our society. There was a hue and cry from differlnkadvisors, pro-rich advisors of this Government against the food subsidy/iney said that this is the main hurdle in the development of this country, and the Government should cut the subsidy in food. The Government cut down the food subsidy. Now what happened? We cut down the subsidy at a time when we were distributing about Rs.9000 crores per annum. At that time, the issue price was very low. Then you increased the issue price; and then you divided them. Then there were different issue prices for the below poverty line and the above poverty line population. This system was introduced in 1997-98. For API., issue prices were raised by 85 per cent and for wheat issue prices were raised by 65 per cent between 1998-99 and 2000-01. In 2001, BPL prices for wheat and rice were also raised by 66 per cent and 62 per cent. This has reduced the off-take heavily in these three years. It has left a huge stock of over 60 million tonnes in Government godowns, which was only 21.7 million tonnes in 1998. So, Madam, that is why there is a huge pile of food stocks in the FCI godowns. Then what happened to the off-take? The total off-take came down. With regard to this targeted off-take, in 1996-97, the allotment was 151 lakh tonnes and the off-take was m.44 lakh tonnes. According to the Annual Report .of the Ministry, upto October 2000, the allotment was

215.64 lakh tonnes and the off-take was 56.77 lakh tonnes. This is for rice. With regard to wheat, the allotment was 233.13 lakh tonnes and the off-take was a meagre 43.23 lakh tonnes. The State Governments are not taking the allotment. Why? The Central Government is blaming the State Governments. The reason is that the poorer sections of our society are not in a position to purchase foodgrains. Their purchasing power is going down because of your Government's economic policies. There is no work in the villages; there is no work for the agricultural labour, and they are not in a position to purchase whatever you are distributing through even BPL prices as such.

Now I come to Antyodaya Anna Yojana. Whenever there is poverty - that is the advantage of this NDA Government -- they come up with the announcement of a programme -- big announcements. Only after the 'Anta', you are giving 'Anna'. Only after the death, you will provide 'Anna' for the 'died' people, not for the living creatures. Madam, this is a very serious issue. The problem is very serious. While announcing the Antyodaya Anna Yojana, the Government said that $1/V^h$ of the total BPL population of our society, would be covered by Antyodaya Anna Yojana. What was the amount of foodgrains distributed last year? It was only 1.5 million tonnes. How do you provide this meagre amount of foodgrains to this much of people? You should not make announcements. Whenever the Prime Minister's birthday comes - now I am afraid of birthday - your Government comes up with some such announcements, which are totally against the interest of the people. You should, at least, stop making such announcements. This is being very callous towards the most downtrodden, poor and the poverty-ridden people of this society. You shou'd not do like that. After this fall in the off-take, the Government appointed Abhijit Sen Committee. This Committee came out with some good suggestions; I quote, "We are convinced that the main reason for the present- situation are the high levels of minimum support price fixed during the nineties, and that a significant role was also played by the decision to target the entire food delivery system on the. basis of poverty criteria. Besides political compulsions flowing from Andhra Pradesh, Haryana and Punjab, a significant part was played by two assumptions - that world prices of cereals were likely to be higher than Indian prices, and that \there was significant scope to cut the fiscal involvement of the Central Government in the food security system. Both these assumptions proved false. Relatively high cereal prices and inadequate purchasing power among a significant

proportion of the population has kept consumption low." This is the report of a Committee appointed by this Government itself. Have you done something according to the suggestions made by the Committee? You have appointed a Committee, which has submitted its report, and you are keeping that report in a shelf and doing nothing. Madam, this is the situation. So, naturally, the Government has to change the existing policy with regard to the Public Distribution System which is being pursued by it. You have to change the policy. You are furnishing some papers having no value at all. So, you come forward with some concrete proposals. Madam, wherever the targeted system was introduced, whether it was in Sri Lanka, Mexico, Tunisia, Zambia or Zimbabwe, it has ended up doing more harm than good. So, the world experience is available with the Government. The Government should stop the targeting system and should provide -foodgrains at a subsidized rates for all those who are needy in our country, whether they are urban poor or rural poor. That kind of approach should be adopted by the Government, which is lacking in this statement made by the hon. Minister here.

Then, Madam; FCI and the PDS system should be reformed. You are spending Rs. 24,000 crores for food subsidy. But, one-third of that subsidy is going for the procurement; one-third of that subsidy is going for storing the foodgrains and the poor gets only one-third of the total subsidy. If it is so, why do you raise this hue and cry for the subsidy? That itself revealed that it should be-revamped. A new approach should be there. A proper approach should be there. Madam, in this country, 50 per cent of women and children are suffering from malnutrition, and nearly 36 per cent of them belong to the BPL. This fact also should be taken into consideration. You have a huge stock of foodgrains lying in the FCI godowns. So, think about the poor women and children who are suffering due to malnutrition. All over the world, the incidence of malnutrition is coming down, whereas, in our county, it is going up. This is the very tragic situation which is prevailing in this country. Use these foodgrains and do something for women and children of this country.

Thirdly, Madam, we have to increase, the off-take. For this purpose, the Government has to come forward with a concrete programme for using these foodgrains lying piled up in the FCI godowns, provide employment to the poorer sections in the villages and link it up with the infrastructure development of this country rather than adding one rupee to the sale price of one litre of petrol. You have to do these things. Is there any Government

to do all these things? Unfortunately, the present Minister is just like an orphan among the NDA. That is the tragic thing. Mr. Minister, you should behave like a Minister. You should not look to the saffron people for anything. Do something here. You have to come to this House with some concrete proposals. *(Time-bell)* Madam, this should be considered very seriously. The Government has to come forward with a specific programme to provide employment to the rural poor, and also link up the excessive foodgrains with some concrete proposal for the infrastructure development scheme.

Finally, Madam, the Prime Minister had announced in this very House that he wanted to evolve consensus among various political parties with regard to the using of the excessive food stocks. You see, this year, there is another problem also. There has been a sharp fall in the foodgrains production in the country. Naturally, that will create some problem. Its ramifications would be there in future also. So, you have to provide foodgrains to the general public in India on par with the amount which you are paying for exporting foodgrains. The rate at which the foodgrains are being exported outside India, at that rate, the Government should provide foodgrains to the people in India. That itself is sufficient. Naturally,* you have to think about all these aspects. Unfortunately, your statement does not reflect any of the concerns of the Prime Minister or the Chairman of this House or the Supreme Court or even the downtrodden people of this country. Some enlightenment should be there in the statement. After this discussion, the Government should come forward with a concrete proposal that they are going to change the policy. You have admitted that there was some problem. Since you have admitted it, you come forward with some new and concrete proposal. Ultimately, after you agree to it, come out with a new, concrete proposal, which would provide grain for the needy, instead of allowing the grains to rot in the godowns. You have to urgently call for a meeting of the political parties, discuss it with the Chief Ministers of the States, and when a consensus is reached, come out with a concrete proposal, and provide foodgrains to the needy at an affordable price. That is the minimum thing I want to say. I am expecting the hon. Minister to do something in this regard.

श्री अभय कांत प्रसाद (झारखंड) **:** उपसभापति महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है । इस देश में लगभग 36 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे रहते है । वहां निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का महत्व है और इसे मजबूत

the procurement by the Government. Against the production of 907 lakh tonnes of rice, the Government procured just 194 lakh tonnes and against 735 lakh tonnes production of wheat, the Government procured only 206 lakh tones. If this is our procurement policy, one can imagine the plight of the farmers. So, I demand that the Ministry should take all possible steps to increase it, which, I am sure, will help the farmer a lot.

Another point is, I appreciate the programmes such as Antyodaya Anna- Yojna and Annapoorna Anna Yojna initiated by the hon. Prime Minister. These schemes will benefit the poor. The Government is, initially, facing problems in providing this to the poor people, widow9 and people who left their families. These people are all covered under the figure of 50 lakh BPL families. My next point is about the methodology that is being adopted in identifying the BPL families. You can't take out the families from the list of BPL family, if they are getting two square meals a day. I think", this would be wrong. The Government of Andhra Pradesh is giving gas connections to the poorest of the poor under the Deepam Scheme. This does not mean that those people have come under the higher income category. So, I request the hon. Minister to have a fresh look at the criteria fixed for BPL family. It should be suitably increased in view of inflation. It will help the poorest of the poor. Madam, I would like to seek a clarification from the hon. Minister as to why the BPL families are not being identified under the Targeted PDS Scheme introduced three years ago. I want to say that a comprehensive list of BPL families covered under the Targeted PDS Scheme should be prepared immediately. I also request the hon, Minister to see that the purchasing power of the poorest of the poor is increased. They should be able to purchase, at least, foodgrains from the fair price shops.

The Government of India issued a PDS Control Order, which provides stringent punishment for PDS fraud, and which brings into focus the phenomenon of pilferage that is taking place. I request the hon. Minister to implement these orders strictly and effectively. I would like to know from the hon. Minister as to how many such cases have been registered since the issue of this Order, and what action the Government has taken against the culprits.

I would also like to know from the hbn. Minister the major recommendations made by the high level Committee on Long-Term Grain Policy, which was set up in 2000, and which submitted its Report in July,

2002. What action has the Government of India taken on those recommendations?

Madam, lastly, I want to appeal to the Government to allocate more foodgrains to the drought-affected States. In Andhra Pradesh, out of 11,400 mandals, 1100 mandals are affected by drought. So, I request the Government of India to allot more foodgrains to the States. Thank you, Madam.

उपसभापति : सिंहल साहब, प्वाइंटेड बोलिएगा ।

SHRI B.P. SINGHAL (Uttar Pradesh): Madam, thank you very much for allowing me to express my views on this very important topic brought by Mr. Suresh Pachouri. It is a thing which affects the entire population of this country, especially, the poor people, and -it is a very serious matter. At the outset, I would like to state that in the Minister's own statement, the responsibilities of the State Governments and the Central Government have been clearly defined. The Central Government is responsible for the procurement and supply of the foodgrains to the States. The responsibility of identifying the target people, giving them ration cards, and ensuring proper distribution is, exclusively, of the State. So, if there is trouble in the distribution, it will be wrong to come about and tell the Central Government that things are not in a happy state. There is the question of accountability, and accountability must be attached to *the*\ person who has been made responsible for it. Madam, that is point number one. In this respect, it will be the Government of India's failure if any State had sent in its demand, and that demand has not been met. Then, it is the Government of India's failure, and I would like to know from the hon. Minister how many complaints of such cases have come from the States saying that they have been short supplied in respect of the foodgrains that were to be given to them. Now, there has been a lot of talk about inedible foodgrains being supplied; sub-standard foodgrains. Now, the representatives of the State Governments, when they collect the foodgrains, they inspect them, and, thereafter, they carry them if they are found good, otherwise, they don't carry them. Now, the question is, if any State finds that the food being supplied is sub-standard, the person who collected those foodgrains, in case that has been collected from the FCI godowns, should be placed under suspension and accountability made about it. If it has been changed at some intermediary level, then, in the

distribution system, whoever is responsible should be made accountable. But the trouble is that in this game, nobody is accountable. Everything is going on, but nobody is being held accountable. That is where the malaise is. I would like to know from the hon. Minister how many State' Government officials have been punished for taking away sub standard foodgrains from FCI or for allowing the supply of sub standard foodgrains to the targeted people. These statements shall have to be brought from the State Governments. We would like the House to be informed about them.

Madam, the trouble is that the fair price shops are given to the favourites of the political party in the State. And, because they have a political clout behind them, they very daringly indulge in all kinds of irregularities, sure enough, they are not going to be punished for what they are doing. They were appointed, in the first instance, because of their political connections. If this is snapped and the fair price shops are given to persons who are qualified to run them, those persons are picked up by lots without caring for anybody's connections with anybody, then, perhaps, we might end up with\cerjain efficiency in the handling of fair price shops, or, in the way these fair price shops are being run.

Madam, I would also like the hon. Minister to find out from the State Governments the number of complaints that have been received in respect of the fair price shops, the number of officials who have been punished by the State Governments and the nature of punishment, etc., because under the new Act, which is for the PDS, very drastic punishments have been envisaged. If they are not being used, then, the fault lies with the State Governments.

Madam, one point was made by Mr. Raghavan that people just don't have money to buy those foodgrains. The foodgrains are allotted as per the targetted people. Supposing 100 people are to be fed, and 10 people are unable to even buy that food, then, that amount of food will be left behind. It will not be picked up. Has any State Government returned those foodgrains to the Central Government, as unlifted by the poor people who have no capacity to buy? If not, have the State Governments not embezzled those foodgrains? Has any Member of Parliament raised the question why the State Governments are embezzling? Madam, I was shocked to learn that in certain States the foodgrains that are sent from here are retained and when the time comes for procurement, the same

foodgrains are recycled as procured. Now, this is a, thoroughly, corrupt activity in which the State Government themselves are indulging, but like all corruptions, it is impossible to prove. But, everybody knows what is happening and hence this stink comes up.

Madam, my last point is, Mr. Pachouri talked about a lot of rhetoric. The Government doesn't indulge in rhetoric. They have-to give a policy statement on what they intend to do. But, a lot of rhetoric was, definitely, indulged in by the hon. Member, Mr. Pachouri. I would, now, suggest that instead of rhetoric, all of us should pick up any sample bJock, go personally, check up in at least 20 fair price shops the nominations of the people who were picked up as the target people, how many were justifiably picked up, how many were wrongly picked up; we should do physical verification of at least 10 fair price shops, and their beneficiaries. If we MPs could do it in the field, it will be a very big service in improving the entire Public Distribution System. Are the MPs willing to take it? I am willing. If we can do this field service for the country, the PDS will, definitely, improve. This is the last point, Madam. Thank you.

श्री शरद यादव: उपसभापति महोदया, आज का जो कॉलिंग अटेशन था, यह बहुत मौके पर भी आया और बहुत महत्वपूर्ण भी है । मैं यह मानता हूं कि देश के सामने और हमारे सामने निरंतर बरसों से यह चुनौती रही है कि देश में गरीबो को लक्ष्य करके हमने जो कई तरह की वेलफेयर स्कीम्स चलाई है, गरीबो को भोजन देने के लिए जो कई तरह की स्कीम्स चलाई है, वे उन तक पहुंचे । निश्चित तौर पर आज माननीय सदस्यों ने इस चर्चा में बहुत दिलचस्पी से हिस्सा लिया जिसकी शुरूआत पचौरी जी ने की थी । मैं यह मानता हूं कि देश की जनता की गाढ़ी कमाई के लिए गरीबो की मदद के लिए हमने जो काम शुरू किया है, वह काम जमीन तक सौ फीसदी नही जा रहा है । मैं पचौरी साहब से लेकर सिंहल साहब तक सभी से कहना चाहता हूं कि कोई अकेली हमारी सरकार नही है, पहले भी जो सरकारे यहां रही है, इस मामले में साफ – साफ बहस होनी चाहिए कि हिंदुस्तान के आईन मे जिम्मेदारियां क्या – क्या है ? किसकी क्या जिम्मेदारी है ? जिसकी जिम्मेदारी और जिसका काम है, यदि वह फिक्स हो जाएगा , उसकी पहचान हम कर पाएंगे तो फिर राष्ट्र को और बीमारी को सुधारने का काम हो सकता है ।

मैडम, जब से मैं इस मंत्रालय में आया हूं , पहले यहां टास्क फोर्स नही था, हमने टास्क फोर्स बनाया । मैडम, आपने चिंता व्यक्त की चूहो के बारे में लेकिन वे एक्चुअल चूहे नही है । दो पैर वाले चूहे इसमे ज्यादा कमाल करते है लेकिन आज तो पूरे देश में कहीं हमारी सरकार है तो कहीं पचौरी जी की सरकार है । …(**व्यवधान**)…

श्री सुरेश पचौरी : हम भी यहां कह रहे है कि सभी जगह अलग – अलग सरकारें है ।

3.00 P.M.

श्री शरद यादव : अलग – अलग सरकारे है और मैं यह मानता हूं कि इस मौके पर इस चुनौती हो यदि हम ठीक नही कर पाए तो फिर उसका आगे ठीक होना मुशिकल लगता है । इसमें जिम्मेदारी किसकी है और क्या है, इस पर साफ – साफ बहस होनी चाहिए । भारत सरकार ने, अकेले हमारी सरकार ने नही, जिसने भी एफ.सी.आई. का सिस्टम शुरू किया, यह व्यवस्था शुरू की, उसने इस देश के लिए एक बडी सेवा का काम किया है , इसलिए उसकी तरफ भी देखना चाहिए और एफ.सी.आई. पर एक दिन अलग से बहस करनी चाहिए । लेकिन हमारा काम क्या है ? हमारा काम है कि किसान जो उत्पादन करता है, उसकी फसल के समय दाम नीचे न चले जाएं, इसके लिए बाज़ार में जाकर हम खरीद करते है, प्रोक्योर करते है । उस प्रोक्योरमेंट में जो अनाज हमारे पास आता है, वह मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर है, कम से कम दाम पर किसानों से हम अनाज खरीदते है । कुछ जगहों पर तो एफ.सी.आई. खरीदती है और आजकल हमने करीब आठ सूबों में डीसेट्रलाइज़ प्रोक्योरमेंट करके रखा हुआ है । सुरेश पचौरी जी के सूबे मे तो सरकार को पूरी तरह से छूट दे रखी है कि किसान को बचाने के लिए जितना चाहो उतना अनाज खरीदने का काम करो । पिछले साल उन्होंने किया भी था और इस साल भी वे कर रहे है । कई दिक्कते है, जैसे आर.बी.आई. से क्रेडिट मिलना है, उन बातों का समाधान करने का काम भी चला हुआ है । भारत सरकार की, एफ.सी.आई. या फूड डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी है, इसलिए हम खरीद करते है । खरीद करने के बाद उसको स्टोर करते है । स्टोर करके जो स्टॉक हमने रखा हुआ है, उसकी सुरक्षा करना और चाहे वह नेशनल कैलोमिटी हो, चाहे ड्राउट हो या और कई तरह की चीजें है, किसी भी जगह उनको सहायता पहुंचाने के लिए अनाज भारत में होना चाहिए देश में होना चाहिए, हमारा बहुत बड़ा देश है । कब कौन सा संकट आ जाए, कब किस तरह की परिस्थिति बन जाए, इसलिए यह जो इंस्टीटयूशन है, लोगों ने कहा कि हमारा पी.डी.एस. का जो नेटवर्क है, उसमें 7,75,000 फेयर प्राइस शॉपस है, सबसे बड़ा नेटवर्क है । अब उस नेटवर्क में कमी क्या है, यह अलग बहस है लेकिन निश्चित तौर पर हमारी जिम्मेदारी है स्टोर करना लेकिन उसमें दिक्कत है । उसमें कुछ लोगो ने कहा कि कितनी तरह के आपने ऐक्शन लिए, कितनी कार्यवाहियां की है ? मैं आपको बताना चाहता हूं कि पिछले साल ही जब मैंने इस मंत्रालय का कार्यभार लिया, उसके बाद हमने 2,425 सरप्राइज़ चेकस करवाए । इसमें कुछ काम चला हुआ है, 55 लोगो पर हमने एक्शन ले लिया है और आगे कार्यवाही चली हुई है । मैं बाकी और सालों का विवरण नही देना चाहता । हमारी जिम्मेदारी स्टोर करना है, प्रक्योर कराना और मूवमेंट कराना है । सुरेश पचौरी जी ने कहा कि कुछ अनाज सड़ रहा है । मैडम, मैं आपके माध्यम से इनसे विनती के साथ कहना चाहता हूं कि देश में एक भी ऐसा सूबा नही है जहां से अब शिकायत आई हो । एफएक्यू यानी जो अच्छा गेहूं है, अच्छा फूडग्रेन है, वह नही गया हो, कही से शिकायत हो । महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इस सदन का कोई भी मैम्बर मुझको बता दें कि फूडग्रेन में कोई कमी है । निश्चित तौर पर हमारे पास बढ़िया फूडग्रेन है, ठीक है । इंदिरा जी पहले का मामला उठा रही थी । पहले ऐसा होता था कि सात साल, तीन साल, चार साल का अनाज पड़ा हुआ था । अब हमारे पास ज्यादा से ज्यादा एक साल और दो साल पुराना अनाज है और हमने पूरे के पूरे अनाज को साफ करवाने का काम किया हुआ है । सिर्फ दो साल पुराना है, कुछ छोटी सी क्वांटेटी तीन साल वाली है । लेकिन सात साल पुराने, छः साल पुरानें और पांच साल पुराने...(**व्यवधान**)...

श्री सुरेश पचौरी : आपकी सरकार के ही समय माननीय सुप्रीम कोर्ट ने जो तीन बैंच का डिसीजन दिया है, उसका ऑब्जर्वेशन है कि जो एफसीआई के गोदाम है उसमे अनाज सड़ा पड़ा है । आपकी सरकार के कार्यकाल में, आपके कार्यकाल के बारे में मैं नही कह रहा हूं । यह सुप्रीम कोर्ट का डिसिजन है ।

श्री शरद यादव : मैडम, मैं आपके माध्यम से आदरणीय कोर्ट ने क्या कहा, उसमें नही जाना चाहता लेकिन मैं तो जिंदा आदमी सबूत के साथ खड़ा हूं कि कोई आदमी बताए । कोई कहे कि कहां से सड़ा पड़ा है, यह जरा बता दो । **...(व्यवधान)...**

श्री के. रहमान खान (कर्णाटक) **:** कोर्ट में तो आपके लोगो ने पैरवी की होगी, बताया होगा ।

श्री शरद यादव : मैं कह रहा हूं, आप से निवेदन कर रहा हूं कि जो अनाज सड़ा हुआ है उसका आंकड़ा दे सकता हूं कि एक लाख कुछ खराब अनाज है और 625 लाख मीट्रिक टन का हम प्रक्योरमेट करते है । यदि मान लो हम यहां से 60 फीट की ऊंचाई वाला प्रक्योरमेंट बनाएं तो यहां से लेकर आगरा तक नही बनेगा । जब हम इतने बड़े फूडग्रेन का आपरेशन करते है तो जमीन पर लगाने के कुछ हो जाता है । अभी बरसात हो गई और आप कहे कि इस गेहूं में थोड़ा सा पानी लग गया, वह मार खा जाए और उसे किसान ने इतनी मेहनत से पैदा किया है तो सरकार किस काम के लिए है । हमने पिछले साल व्हीट खरीदा था 90 लाख । पंजाब से लेकर पूरे देश में कहा गया कि फसल के समय बरसात हो गई है, गेहूं चमकहीन हो गया है । उस गेहूं में कोई कमी नही है । उसकी अच्छी सूजी बनती है, अच्छा मैदा बनता है सिर्फ उसका रंग चला जाता है । जब मैं पहले आया था तब वह पानी गिरा गेहूं जा रहा था । मैंने उसको रोका और कहा कि यह दुनियां के बाजार में बिक रहा है । इसकी सूजी बनती है । यहां की फ्लोर मिल्स है, उसको सिर्फ उसके लिए रिजर्व कर दिया । उसकी दुनिया के बाजार में और हमारे देश में इतनी बडी डिमांड है जिसके बारे में मैं आपको बता नही सकता । मैं मानता हूं कि हमारी सीधी – सीधी जिम्मेदारी है । हम जो स्टोर कर रहे है, प्रक्योर कर रहे है, जो मूवमेंट कर रहें है, जो हमारी जिम्मेदारी है उसको अंजाम देने का काम हम बखूबी कर रहे है । निश्चित तौर पर इस मामले में हमारी जिम्मेदारी है । राज्य की जिम्मेदारी क्या है ? मैं जब राज्य की जिम्मेदारी कहता हूं तो यह नही है कि मैं अपनी तरफ की सरकारों को बचा रहा हूं । मैं सब सरकारों का जिक्र कर रहा हूं । मैं ऑनेस्टली आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इस मामले में हमने टास्क फोर्स बनाई है और सब जगह से रिपोर्ट आई है । हमने आन्ध्र प्रदेश, उडीसा, राजस्थान व मध्य प्रदेश में पहुंचाया लेकिन किसी भी सरकार के जो हमारी टास्क फोर्स ने रिपोर्ट दी है, उसको हमने पब्लिक नही किया ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) पीठासीन हुए ।]

हमने वहां के चीफ मिनिस्टर को बुलाया और वहां के लोगो को बुलाकर बात करने का काम किया और जो गड़बड़ है, जो सारी चीजे है उनको सुधारने का काम किया । कामरेड बोल रहे थे । लेकिन बंगाल में पहले मामला अच्छा था अब बिगड़ गया है । उपसभाध्यक्ष जी, जो

फेअर प्राइस शॉप्स है, उन में करप्सन है, वह महीने में दो दिन खुलती है, चार दिन खुलती है, 6 दिन खुलती है । उन में खराबी आई है । हम ने उन में वाएबिलिटी लाने के लिए सर्वप्रिय योजना बनाई जिस में 12 आयटम्स है जो कि मोटे – मोटे काम में आते है । मैं ने उस बारे में दो बार मुख्य मंत्रियों को लिखा है और मैं परस्यू कर रहा हूं कि वे हमारी सर्वप्रिय योजना के आयटम्स जो हमारा आई0सी0सी0एफ0 है, उस के जरिए ले लें तो उस की वाएबिलिटी बन सकती है । उसमें इस समय ऐसी स्थिति आई है कि फेयर प्राइस शाप वाले का पूरा पेट नही भर पाता । हमें उस समस्या को एड्रेस करना पड़ेगा ।

महोदय, अभी विरूभी जी बता रहे थे कि कहीं शराब बिक रही है, चरस बिक रहा है या गांजा बिक रहा है । अब उपसभाध्यक्ष जी, यदि फेअर प्राइस शॉप में कोई शराब बेच रहा है तो यह अधिकार मेरे पास नही है कि मैं यह कहूं कि शराब की जगह गांजा या चरस बेचने लगे यह मेरे हाथ में नही है । यह तो जब चुनाव आएंगे तो निश्चित रूप से देश की जनता देखेगी । महोदय, हमारे यहां जो फेअर प्राइस का नेटवर्क है, उस के बारे में कहा जाता है कि यह दुनिया का सब से बड़ा नेटवर्क है । आज हम पी0डी0एस0 में 24 हजार करोड़ सब्सिडी दे रहे है । उसको वर्ष 2000-2001 में, 1200 करोड़ सब्सिडी मिलती थी, इस समय हम 24 हजार करोड़ सब्सिडी दे रहे है । अब यह फूड ग्रेन बढा होगा तभी तो यह सब्सिडी बढ़ी है । पिछले साल पी0डी0एस0 में उठान 48 फीसदी था जो कि इस साल 60 फीसदी हो गया है यानी उठान बढ़ रहा है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आप चीफ मिनिस्टर्स की बैठक बुला रहे है ?

श्री शरद यादव : महोदय, एक बैठक में प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि आल पार्टी मीटिंग बुलाएंगे जो कि पिछली 16 तारीख को बुलाई गई थी ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आप ने पत्र लिखा था कि चीफ मिनिस्टर्स की बैठक होनी चाहिए ।

श्री शरद यादव : महोदय, मैं निवेदन कर रहा हूं, उन्होंने कहा था कि ऑल पार्टी मीटिंग बुलाएंगे । वह इसी महीने की 16 तारीख को तय हो गयी थी, लेकिन उस दिन छुट्टी हो गयी और सभी पार्टी के लोगो ने कहा कि यह समय ठीक नही है । अब वह मीटिंग जल्दी – से – जल्दी बुलाई जाएगी । मेरी आप से सहमति है और मैं ने प्रधान मंत्री जी से कहा है कि इस मामले को आगे तक ले जाना है । इसमें आल पार्टी मीटिंग कर ली जाय और उसमें सारे लोगों की सलाह ले ली जाय । इस काम को हमें आगे चुनौती की तरह मानना चाहिए । महोदय, देश के मेहनतकश लोगों ने बड़े पैमाने पर अनाज उत्पादन कर के हमारे पास रखा है । वह अनाज गरीब के पास जाए, यह चुनौती इस सदन की भी है, भारत सरकार की भी है और सूबे की सरकार की भी है । तो पहले अपोजीशन के लीडर्स के साथ बातचीत होगी । मैं मानता हूं कि मुख्य मंत्रियों के हाथ में ज्यादा सामर्थ्य है । अभी सिंहल साहब बिल्कुल ठीक कह रहे थे,उन के हाथ में पूरे सिस्टम को ठीक करने की पूरी – की – पूरी एक्जैक्यूशन मशीन है और जब वह मशीन ठीक होगी, उन की दिक्कतों का विचार होगा और फेअर प्राइस शॉप वालों की दिक्कतों को हम

सूबो की सरकारों के साथ शेअर करेंगे, तभी यह कार्य पूरे तौर पर अच्छे ढ़ंग से चल सकेगा। महोदय, निश्चित तौर पर सूबो की सरकारों के साथ बात करना जरूरी है। हमारे पास कोई बहुत बडी दिक्कत नही है। मैं ने प्रधान मंत्री जी के साथ पहले भी उठाया है और मैं मानता हूं कि इस को यदि लॉजीकल एंड तक ले जाना है, इस चुनौती का पूरी तरह से मुकाबला करना है तो निश्चित तौर पर मुख्य मंत्रियों को बुलाकर बात करनी चाहिए। इसमें यह भी चुनौती होनी चाहिए कि इसमें हम गरीब के लिए कुछ कर नही पाते, वह तो अलग बात थी, लेकिन हमारे पास पूरी तरह से सारे साधन है। भारत सरकार ने एक्सचैकर में इतना पैसा एलोकेट किया है। हालांकि यह ठीक बात है कि वह उस गरीब के पेट में नही जा रहा है। उसमें कई तरह की बाधाएं है, लेकिन मैं यह भी नही मानता कि गरीब के पेट में कुछ भी नही जा रहा। हां, उसमें कुछ गड़बड़ है, उस गड़बड़ को हम कैसे सुधारे यह विचार करना जरूरी है। इसे सुधारने मे एक दूसरे पर आरोप लगाने का काम मैं नही करना चाहता, मैं चाहता हूं कि सब के सहयोग से इस का रास्ता निकाला जाए। हम ने इस काम के लिए टास्क फोर्स बनाया है। उसको हम ने एक – एक जगह पहुंचाया और मुख्य मंत्रियों के साथ बात की है। उन के साफ – साफ कहा है कि आपकी यहां कमी है, आप इस कमी को दुरूस्त करिए और उसमें सुधार हुआ। उपसभाध्यक्ष जी, आपको मालूम होगा, पिछले तीन महीने में किसी सूबे से कोई भूख से मौत की खबर नही आई। तो सुधार शुरू हुए है। राजस्थान में जो हालत थी, उसमें धीरे धीरे सुधार होना शुरू हुआ है। लोग भी इस दिशा में जागे है। आपके माध्यम से मैं एक बात कहना चाहता हूं कि कोई भी व्यवस्था तब ठीक चलती है, जब लोग जागे हुए हो। कोई भी राजनीतिक पार्टियां, सरकारे, चाहे केन्द्र की हो या सूबों की हो, एमएलएज, एमपीज अगर ये सब मिलकर किसी सवाल को हल करने का काम करें तो निश्चित तौर पर उसमें सफल होते है और यह जो पीडीएस सिस्टम है, इसमें जो इतना बड़ा एलोकेशन है, यह लोगो तक जा सकता है। हां, इनमें डिफरेन्स हो सकता है । एपीएल, बीपीएल और अंत्योदय अन्न योजना जो है, इनमें कई तरह की कमी या कई तरह की चीजें या कई तरह के सुझाव हो सकते है, लेकिन उन सुझावों पर भी विचार हो सकता है। हम लोग जो इसमें इतनी बडी सबसिडी दे रहे है, यह सबसिडी लोगो तक नही जा रही है, जिनके लिए हमने एलोकेशन किया है, जिनके लिए हम इतनी बडी सबसिडी देने का काम कर रहे है उन तक जा नही पा रही है।

श्री जीवन राय (पश्चिमी बंगाल) **:** पूरा सिस्टम खराब है।

श्री शरद यादव : आपके त्रिपुरा में ठीक चल रहा है। कैसे आप कह सकते है सब जगह है। **...(व्यवधान)...** यह पीडीएस सिस्टम अगर खत्म हो जाए तो जीवन राय जी सबसे पहले आप यहां धरने पर बैठ जाएंगे और कहेंगे कि गरीबों के खिलाफ काम हुआ है। यह एक बहुत बढ़िया सिस्टम बना है, जिन लोगो ने यह पीडीएस सिस्टम शुरू किया। **...(व्यवधान)...**

श्री जीवन राय : जो भाषण दिया है, मैं समझ पाया हूं कि वह ठीक है, लेकिन सिस्टम खराब है।

श्री शरद यादव : सिस्टम तो खराब है, तब तो यह कालिंग अटेशन है। सिस्टम खराब है निश्चित तौर पर, इसलिए यह बहस यहां है।

श्री के0 रहमान खान : यह टास्क फोर्स का कंपोजीशन क्या है ?

श्री शरद यादव : इसमे हमारे यहां से लोग है, एफसीआई के अधिकारी होते है, मिनिस्टरी के अधिकारी होते है, हमारे डिपार्टमेंट के लोग इसमें है ।

श्री के0 रहमान खान : स्टेट गवर्नमेंट से कोई नही है ? स्टेट के रिप्रजेंटेटिव कोई है ?

श्री शरद यादव : नही, इसमें स्टेट के नही है । वे स्टेट के लोगो से तो बात करते है, जो हमारे पास रिपोर्ट होती है ।

महोदय, जैसा अभी कहा गया , इतना अंधेरा नही है । जो इतना ज्यादा यहां कहा गया, वैसा हाल नही है । पीडीएस में वर्ष 2001-2002 में जो 118 लाख टन था, 2001-2002 में यह 136 लाख टन हो गया और वर्ष 2002-2003 में यह 188 लाख टन हो गया । बीपीएल में जो है, वह भी मैं आपको निवेदन करना चाहता हूं कि वर्ष 2000-2001 में 97 लाख मीट्रिक टन था, वर्ष 2001-2002 में 100 मीट्रिक लाख टन हो गया और वर्ष 2002-2003 में 160 मीट्रिक लाख टन हो गया । तो यह बढ़ा है 60 लाख 70 लाख मीट्रिक टन । यह सिस्टम जो है, आगे जा रहा है इस सिस्टम में डायवर्शन है, रीसाइकलिंग है । अपनी तरफ से मैंने आपसे निवेदन किया कि एक बार एफसीआई पर बहस हो जाए, उसकी अच्छाइयों पर बहस हो जाए, उसकी खराबियों पर बहस हो जाए, क्या करना है, क्या नही करना है, इसके बारे में यहां बात साफ हो जाए ।

महोदय, अंत्योदय अन्न योजना , यह वर्ष 2001 में शुरू की गई थी और यह 80 परसेंट सफल योजना है । पूरे देश के सब सूबों में दो रूपए किलो गेहूं और तीन रूपए किलो चावल दिया है । मैं मानता हूं कि जो गरीब है, उसकी परचेजिंग कैपेसीटी नही है । देश में जो अति – निर्धन लोग है, जो 6 करोड़ 5 लाख लोग बीपीएल के अंदर आते है,उसमें से एक करोड़ लोग रखे गए थे अब दो करोड़ लोगो को रखा गया है । यह संख्या बढ़ी है । जो अति – निर्धन लोग है, अगर सौ लोग बीपीएल में आते है तो उनमें से 25 लोगो को अंत्योदय अन्न योजना का लाभ मिलेगा । इसमें तकरीबन एक हजार करोड़ रूपए की भारत सरकार की तरफ से सबसिडी दी जा रही है और जो निर्धन लोग है, जैसे कोई कोढ़ी है, कोई विधवा है, कोई काम करने लायक नही है, कोई ज्यादा उम्र वाला है, जिसके परिवार में कुछ नही है, ऐसे लोग जो काम नही कर सकते , ऐसे लोगो को इसमें रखने का काम हुआ है । वर्ष 2001-2002 में इनके लिए जो 17 लाख टन अनाज रखा था इस साल यह 35 लाख टन हो जाएगा । यानि ये योजनाएं काफी सफल है । स्टेट गवर्नमेंट के लोगो से मेरी बात हुई तो वह बोले की इसकी सीमा बढ़ानी चाहिए ।

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुई]

लोगो ने कहा कि यह अच्छी स्कीम है, इसको आप बढ़ाइए ।

श्री एकनाथ के. ठाकुर (महाराष्ट्र) : बिलो पोवर्टी लाइन रहने लोग 26 करोड़ है या 6 करोड़ है?

श्री शरद यादव: मैंने कहा कि बिलो पोवर्टी लाइन 6 करोड़ फैमिलीज़ है । जब टी.पी.डी.एस. स्कीम शुरू हुई थी, उस समय इसके तहत 35 लाख टन अनाज का वितरण किया जाता था । अब इसे बढ़ाकर 160 लाख टन कर दिया गया है । इसका मतलब यह है कि यह योजना आगे बढ़ रही है और सफल हो रही है ।

महोदया; आपने मिड-डे-मील का सवाल उठाया था । मैं मानता हूं कि मिड-डे-मील योजना में कई जगह गड़बड़ है और इस तरह की खबरें आई है । चाहे वह मीडिया हो, चाहे वे इस सदन के सदस्य हो, चाहे वह इस देश की जनता हो, वे सौ फीसदी जगे हुए है और सच्चाई और अच्छाई को जानने का काम करते है । मिड-डे-मील में वर्ष 2001 में 25 लाख टन अनाज दिया गया था, वर्ष 2001-2002 में 28 लाख टन और वर्ष 2002-2003 में 28 लाख टन अनाज दिया गया ताकि स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को दिन का भोजन मिल सके ।

महोदया,बहुत से सदस्यों ने कहा कि हमारे पास बफर स्टॉक बहुत ज्यादा हो गया है । हमने इसे घटाने में कामयाबी हासिल की है । हमारे पास पिछले साल 545 लाख टन बफर स्टॉक था, इस साल वह घटकर 328 लाख टन रह गया है । इसमें जो बिलों पोवर्टी लाइन रहने वाले लोग है, जो अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत आने वाले लोग है, मिड-डे-मील के अंतर्गत आने वाले बच्चे है , जे.आर.वाई. है, उनको हमने यह अनाज दिया है । अभी जो 14 सूबों में अकाल पड़ा है, उसमें हमने 90 लाख टन अनाज बिना पैसे लिए दिया है । हमने आंध्र प्रदेश में 16 लाख टन अनाज दिया है,छ्त्तीसगढ में 4 लाख 43 हजार टन अनाज दिया है,गुजरात में एक लाख 48 हजार टन अनाज दिया है, हरियाणा में 2.5 लाख टन अनाज दिया है, हिमाचल प्रदेश में 1.0 लाख टन अनाज दिया है, झारखंड में 0.40 लाख टन अनाज दिया है, कर्नाटक 6.65 लाख टन अनाज दिया है ।

उपसभापति : आप ऐसा करिए कि ये सभी आंकड़े आप सदन के पटल पर रख दीजिए, सभी मेंबर्स ले लेंगे, बहुत से लोग अभी यहां है भी नही ।

श्री शरद यादव : महोदया, पचौरी जी पूछ रहे थे, तो मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि एस.जे.आर.वाई मे 7 लाख 10 हजार टन अनाज हम आवंटित कर चुके है और आज शाम को टास्क – फोर्स की बैठक होने वाली है, वहां से और भी मांग आई है, उस पर हम आज शाम को विचार करने वाले है ।

श्री सुरेश पचौरी : मंत्री जी, 5-6 गांवों में एक राशन की दुकान हो और ग्रेन बैंक बनाया जाए, क्या यह प्रपोज़ल मध्य प्रदेश से आया है ? मैडम, मैंने जो प्वाइंट्स उठाए है मध्य प्रदेश के बारे में, मैं बड़े अदब के साथ उनका उत्तर चाहता हूं ।

श्री शरद यादव : महोदया, यह पी.डी.एस. सिस्टम को ठीक करने की हमारी जो मंशा है, उसमें मध्य प्रदेश का जो प्रपोजल है, हम गंभीरता से उस पर विचार करेंगे और निश्चित तौर पर फेयर प्राइस शॉप वाला जो सिस्टम है, उसको सुधारना और ठीक करना बहुत

आवश्यक है । आपको जो सुझाव है, मैं उसको एक्ज़ामिन करा लूंगा और यदि संभव होगा तो उसे हम अवश्य मान लेंगे ।

महोदया, मैं बता रहा था कि राजस्थान में 29 लाख मीट्रिक टन अनाज हमने दिया है । यानी पूरे देश में सबसे ज्यादा अनाज हमने वहां दिया है क्योंकि वहां पिछले 4 सालों से सूखा पड़ रहा है । वहां कष्ट है और भारत सरकार ने उस कष्ट मे उनके साथ खड़े रहने का काम किया है । मैं यह नही कह रहा हूं कि वहां कष्ट नही है । वहां हमने 29 लाख टन अनाज दिया, जो पहले कभी नही दिया गया ।

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान) **:** मांगा कितना और कितना दिया गया, यह बता दीजिए । जितनी आवश्यकता है, उतना दीजिए और सड़ा – गला मत दीजिए, ये दो बातें आप देख लीजिए ।

श्री शरद यादव : ऐसा है कि अगर आप उपसभापति जी से कहें कि आप मुझे दिन भर बोलने का मौका दे दें तो वे तो नही बोलने देंगी । इसी तरह हमारी जितनी चादर है, हम उतने ही पांव फैलाएंगे ।

श्री संतोष बागड़ोदिया : एलाऊ करना या न करना, उनका काम है और सवाल पूछना मेरा काम है । मैंने अपना काम किया है, आप अपना काम किया है, आप अपना काम करिए ।

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : अगर सड़ा – गला अनाज पहुंच रहा है तो वह स्टेट गवर्नमेंट के ऑफिशियलस की जवाबदेही है, भारत सरकार की नही है ।

श्री संतोष बागड़ोदिया : मंत्री जी को यह बात मालूम है ।

श्री शरद यादव : मैडम, मैं एक और बात आपसे कहूंगा पिछले साल की जो आफ-टेक पोजिशन है, मुझे एक वह काम मिला है जो अंधेरे की तरफ ही है, लेकिन जो उजाला है उसकी तरफ भी मैं कहना चाहता हूं, उस तरफ भी दिखाना चाहता हूं, आपका थोड़ा समय जरूर लगेगा लेकिन मैं चाहता हूं कि मेरी बात पूरी हो । पिछले साल फूडग्रेन का 270 लाख टन का आफ – टेक हुआ था, इस बार 435 लाख टन, बढ़ोत्तरी हुई है 165 प्रतिशत । **...(व्यवधान)...**

THE DEPUTY CHAIRMAN : I have to take up the Electricity Bill at 3.30 p.m.. Please let him reply. No comments..*(Interruptions)...* No interference please.

SHRI V.V. RAGHAVAN (Kerala) : We want only explanation, no interference.

श्री शरद यादव : पी0डी0एस0 में पिछले साल 125 लाख मैट्रिक टन आफ – टेक हुआ था और इस साल 174 लाख मैट्रिक टन, यानी इसमें 49 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है । जो अदर दैन वेलफेयर स्कीम है – मिड-डे मील्स स्कीम है और जो एस0सी0, एस0टी0 के विधार्थी है उनको होस्टल में अनाज – भोजन देना है उसमें पिछले साल उठान 55 लाख टन हुआ था और इस साल 96 लाख टन, यानी इस पर 41 फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है। जो एक्सपोर्ट है, पिछले साल 40 लाख टन था, इस साल बढ़ करके 111 लाख टन हुआ । तकरीबन 71 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई, यानी जो हमारे पास बहुत स्टॉक था उसको ठीक से इस्तेमाल करने का काम भी किया है, उसको ठीक से लोगो तक पहुंचाने का काम भी किया है और फिर यह कहा जा रहा है कि यह पी0डी0एस0 सिस्टम का जो चित्र खींचा जा रहा है वह चित्र भी ठीक नही है, खराबी है उसमें तथा उसमें सुधार होना चाहिए । लेकिन हिन्दुस्तान के गरीब का एक बहुत बड़ा सहारा है ।कई सूबों में बहुत अच्छा काम चल रहा है,कई सूबों में ऐसा काम हो रहा है, कई सूबों में कई स्कीम ठीक चल रही है । देश इस सारे अनाज को अपने यहां इस्तेमाल कर सके उसके लिए जरूरी है जो हमारी जिम्मेदारी है, मैं आपके माध्यम से सदन से कहना चाहता हूं कि चाहे जिस तरह की कमी हो लेकिन वह कमी तब दूर होगी, जब अकेले सूबे की सरकार नही, जो लोग यहां बोल रहे है, मैं खड़े होकर यहां जवाब दे रहा हूं, यदि राजनीतिक पार्टियां, सरकारें कमर कस ले और चूंकि यह गरीबों का काम है, हिन्दुस्तान मे अनाज की कोई कमी नही है, उत्पादन घटा है वह मैं मानता हूं, यानी जो श्री विरूम्भी जी पूछ रहे थे, मैं आंकड़े बतला दूं कि **...(व्यवधान)...**

उपसभापति : आप उनको आंकड़े दे दीजिएगा ।

श्री शरद यादव : ज्यादा लम्बे नही है ।

उपसभापति : क्योंकि 5 मिनट है खाली ।

श्री शरद यादव : 2001 में 877 लाख टन राइस और 696 लाख टन गेहूं था । 2001-2002 में 930 लाख टन राइस था और 718 लाख टन व्हीट था । इस साल वह घट करके 2002-2003 में 777 लाख टन राइस और 688 लाख टन व्हीट है । जो उत्पादन है उसमें कमी आई है, थोड़ा डिक्लाइन हुआ है । लेकिन मैं अंत में आपसे एक ही बात निवेदन करना चाहता हूं कि जो पी0डी0एस0 का पूरा का पूरा जिस पर यह कॉलिंग अटेंशन है उसमें समस्याएं है और जैसे हमेशा निरन्तर हमारा तन रोज गन्दा होता है हम रोज नहाते है, फिर रोज हम खाना खाते है और फिर नए सिरे से नया स्वरूप लेते है, यानी आदमी की जिंदगी में कुछ लम्बे समय के सवाल होते है, कुछ तात्कालिक सवाल होते है, कुछ क्षण – क्षण में सांस लेने की जरूरत पड़ती है, इसी तरह व्यवस्था है । लोकतंत्र की जो व्यवस्था है उसके ऊपर हम अवेकन होकर वाच नही रखेंगे तो वह कोई तानाशाही नही, यह कोई कम्युनिज्म नही कि एक सिस्टम के साथ एक पार्टी की तानाशाही चलती रहे, यहां लोकतंत्र है, यह डेमोक्रेसी है ।

SHRI V.V. RAGHAVAN : Without giving food, how can you talk about democracy?

उपसभापति : आप उनकी तरफ मत देखिए ।

श्री शरद यादव : मैं यही निवेदन चाहता हूं कि .....

श्री जीवन राय : सोशल जस्टिस पार्टी और मजदूर मारे जा रहे है ।

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN : People are dying in villages, and he is taking it in a different way. The Minister is not at all serious about the situation.

उपसभापति : मंत्री जी, आप इधर देखिए बोलिए । आप मेरी तरफ देखकर बोलिए।

श्री शरद यादव : मैडम, अंत मे मैं ज्यादा लम्बा नही करना चाहता और केवल इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार जल्दी से जल्दी सारी विरोधी पार्टियों के लोगो से बात करेगी । जिन माननीय सदस्यों ने यहां सलाह दी है और सारी बातें रखी है, सुझाव दिये है, - टास्क फोर्स के जरिए यहां सदन के जरिए, और लोगो के जरिए – हमारे मंत्रालय मे जो खामियां है, उस संबंध में प्रधान मंत्री जी ऑल पार्टी मीटिंग जल्दी बुलाएंगे । इस पीडीएस सिस्टम को बिल्कुल ठीक करने के लिए, इसमे जो बिगाड़ हुआ है, उसको ठीक करने के लिए और जो गरीब है, जैसा माननीय सदस्यगणों ने कहा है कि इसमें डायवर्शन हो रहा है, इसमें रीसाइकिल हो रहा है और जैसा गया सिंह जी कह रहे थे कि गांव गांव में ऐसे जबरा लोग हैं जो पीडीएस की दुकान है, उसको हाथ में पकड़ लेते है, इसको कैसे दुरूस्त किया जाए – पहला काम है ठीक से इंतजाम करना – इंतजाम को ठीक से जमीन पर ले जाने के लिए ऑल पार्टी मीटिंग होगी और उसके बाद जैसा सुरेश पचौरी जी ने कहा कि यह राष्ट्रीय मामला हमारे हिन्दुस्तान में केन्द्रीय सरकार और सूबों की सरकार, दोनों के सहयोग से आगे बढ़ सकता है । ये दोनो पंख नही लगेंगे तो आकाश में पक्षी नही उड़ेगा । मैं निश्चित तौर पर माननीय सद्स्यों का बहुत धन्यवाद करता हूं । उन्होंने इसमें बहुत कंस्ट्रक्टिव सजेशंस दिये है । कइयों ने डिबेट को स्तर तक ले जाने का काम किया है । उनकी चिंता वाजिब है और मैं उनकी चिंता के साथ स्वयं को संबध्द करता हूं और जितना सुधार हो सकता है, जो काम हो सकता है, वह किया जाएगा यह एक चुनौती है कि देश में कई भूखा न रहे, इसका इंतजाम करना हमारी जिम्मेदारी है और सरकार इस जिम्मेदारी को ठीक से निभाने का काम करेगी ।

उपसभापति : मंत्री जी, आप यह काम कर दीजिए कि प्रधानमंत्री जी ने जो आश्वासन दिया है कि ऑल पार्टी मीटिंग बुलाकर और चीफ मिनिस्टर्स को बुलाकर इसका कोई समाधान निकालेंगे, उसका कार्यान्वयन जल्दी हो । ऐसा न हो कि प्रधानमंत्री जी मीटिंग अगले साल बुलाएं । इसी साल में इस सैंशन के बीच में बुला लें तो अच्छा है । इस प्रकार का आश्वासन आप दें दीजिए ।

श्री शरद यादव : महोदया, जो आपका हुक्म है, कल शाम को भी मेरी बात उनसे हुई थी और उन्होंने मुझसे कहा था कि आप सदन में यह कह दीजिए कि जल्दी से जल्दी ऑल पार्टी मीटिंग बुलाएंगे ।

उपसभापति : जल्दी की कोई सीमा मुकर्रर कर दीजिए ।

श्री सुरेश पचौरी : मैडम, आपने बिल्कुल सही फरमाया कि यह मामला राज्य सरकारों से संबंधित है । स्वयं माननीय मंत्री जी ने पत्र लिखा है और अभी भी कहा है कि इनकी इच्छा है कि चीफ मिनिस्टर्स की मीटिंग इस संबंध मे बुलाएं । चीफ मिनिस्टर्स की मीटिंग आप कब तक बुआएंगे ? आपको आसंदी से निर्देशन हुआ है कि जल्दी से जल्दी आप मीटिंग बुलाएं ।

श्री शरद यादव : मैडम, जैसा अभी आपने कहा, प्रधानमंत्री जी ने इस सदन में जो कहा था, उसको जितना जल्दी हो सके, उतना जल्दी कराने की मेरी कोशिश होगी । चीफ मिनिस्टर्स का जहां तक सवाल है, उस संबंध में मैंने प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा था, माननीय सदस्य बिल्कुल ठीक कह रहे है, मैं फिर से उनके साथ इस सवाल को उठाऊंगा लेकिन बुलाने का काम तो वे ही करेंगे तब ही होगा ।

उपसभापति : आप भी बुला सकते है ।

श्री शरद यादव : मैं प्रधानमंत्री जी को आपको भावनाओं से अवगर कराऊंगा । माननीय चेयर की भावना भी यह है कि इस मामले में गंभीरता से विचार करें ।

उपसभापति : इस मामले का समाधान होना चाहिए क्योंकि बार – बार इस हाउस में इस बारे मे चर्चा होती है और कोई नतीजा न निकले, हम वहीं के वहीं वहीं जवाब दें, आप वह जवाब देने के लिए मजबूर है । जो स्टेट गवर्नमेंट की शिकायते है, वह अगर आप बैठकर सुधार ले । जो चीफ मिनिस्टर्स है, फूड मिनिस्टर या जो भी मिनिस्टर इसके साथ जुड़े हुए है, उनके साथ मिलकर बात करे तो मुझे लगता है कि इसका समाधान निकल जाएगा । अगर नीयत साफ हो तो नीतिया बन ही जाएंगी , इसके साथ ही यह डिसकशन समाप्त हुआ । Now, we will take up the Electricity Bill, 2003, and, if possible, we will finish it today.

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Madam, it is an important Bill...

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Madam, the time allotted is four hours.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We will sit for four hours or even five hours. If you sit. I will sit. If you don't sit, still, I will sit.

SHRI JIBON ROY: Madam, before the Bill is taken up for consideration, आपसे एक निवेदन है ।

उपसभापति : हां, आप निवेदन कर लीजिए । मोशन तो मूव हो जाने दीजिए ।

SHRI JIBON ROY.The Standing Committee scrutinised this Bill in detail, and it made a number of recommendations, unanimous recommendations; I am not talking about the note of dissent. But the Government *...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we are delaying more.

SHRI JIBON ROY : The Government has not incorporated more than 80 per cent of the unanimous recommendations. *...(Interruptbns)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: You can speak. Your name is there. *...(Interruptions)...*

SHRI JIBON ROY : No. ... *(interruptions)..* I want to know, through you, from the Minister the reason behind it. *...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Not, now. *...(Interruptbns)...* Let the Minister move the motion.

SHRI JIBON ROY- : Why are unanimous recommendations not accepted?

THE DEPUTY CHAIRMAN: I gave a commitment to the House that at 3.30 p.m. I would start it, and it is exactly 3.30 p.m. Now, the Minister may move the motion.

THE ELECTRICITY BILL, 2003

विधुत मंत्री (**श्री अनन्त गंगाराम गीते**) : उपसभापति महोदया, मैं यह प्रस्ताव करता हूं कि –

> "विधुत के उत्पादन, प्रेषण, वितरण, व्यापार और उसके उपयोग और साधारणत: विधुत उधोग के विकास, उसमें प्रतिस्पर्धा के संवर्धन, उपभोक्ताओं के हित के संरक्षण, और सभी क्षेत्रों में विधुत के प्रदाय के सहायक उपाय करने, विधुत टैरिफ के सुव्यवस्थीकरण, साहायकियों के बारे में स्पष्ट नीतियों, दक्षतापूर्ण और पर्यावरण के अनुरूप नीतियों से संवर्धन, केन्द्रीय विधुत प्राधिकरण, विनियामक आयोगो का गठन और अपील अधिकरण की स्थापना से